दिन—मंगलवार दिनांक— 13 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की गयी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली को झंडी दिखाई।

02. पटना समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाला।

03. गंगा, गंडक, कोसी, बागमती और घाघरा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से कई इलाके बाढ़ की चपेट में। प्रभावित लोगों ने ऊंचे स्थानों पर लिया शरण।

04. और, केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी टेलीविजन चैनलों को आपदाओं के वीडियो तारीख और समय के साथ अनिवार्य रूप से दिखाने का परामर्श जारी किया।

———————————————————————

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की जा रही हैं। देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए हर घर तिरंगा अभियान पन्द्रह अगस्त तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। सरकार ने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सुबह नई दिल्ली के भारत मंडपम से हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री धनखड ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान अब एक आंदोलन बन गया है।

———बाईट———

हर घर तिरंगा एक अभियान है जो आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा है। अब ये एक आंदोलन बन गया है। करोड़ों लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराते हैं और मेरे मन में कोई शंका नहीं है आने वाले 15 अगस्त पर एक  नया रिकॉर्ड बनेगा हर घर तिरंगा होगा।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड ने कहा कि हर घर तिरंगा देश की स्वतंत्रता, गौरव और विकसित भारत के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि तिरंगा देश का गर्व है, जो देश को एक सूत्र में बांधता है।

———बाईट———

ये तिरंगा हम सबको उस आजादी के उस संघर्ष में जिसमें लाखों लोगों ने अपना जीवन और जवानी समर्पित की उस संघर्ष की स्मृति को ताजा करने का एक माध्यम है। ये तिरंगा आजादी की लडाई में जिन लोगों ने अपना सर्वस्व समर्पण कर दिया ऐसे शहीदों को श्रद्धापूर्वक एक बार फिर स्मरण करने का हमारे पास एक माध्यम है।

———————————————————————

भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी पटना समेत विभिन्न जिलों में तिरंगा यात्रा निकाला। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पटना में सैंकड़ों कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में शामिल हुये। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। बेगूसराय के बछवाड़ा से रुदौली कपूरी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसमें केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भाग लिया। इधर, मुंगेर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा एक हजार फीट लम्बे तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा निकाला गया। एसएसबी पैंतालीसवीं बटालियन द्वारा सुपौल में साईकिल और पैदल यात्रा निकाली गयी, जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कैमूर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज लगभग तीस किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुये। राज्य के कई हिस्सों में मोटरसाईकिल रैली भी निकाली गयी। डाक विभाग की हर घर तिरंगा अभियान के लिए पच्चीस रूपये में तिरंगा उपलब्ध करा रहा है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए देशभर की पंचायतों की महिलाओं सहित चार सौ निर्वाचित प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में कल नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में आमंत्रित सभी पंचायती राज प्रतिनिधि भाग लेंगे। पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने बताया कि कार्यशाला में महिला नेताओं के लिए पंचायतों में चुनौतियां, सफलता की कहानियां और स्थानीय शासन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के बारे में चर्चा की जायेगी। समारोह के दौरान भाषिनी ऐप के सहयोग से एक बहुभाषी ई–ग्रामस्वराज प्लेटफॉर्म का भी शुभारम्भ किया जाएगा। इससे वेबसाइट का सभी बाईस अधिसूचित भारतीय भाषाओं में देखा जा सकेगा।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कोलकाता में एक डाक्टर की हत्या के विरोध में देशभर में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों को आश्वासन दिया है कि वह इस मालमे से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी। सरकार ने डॉक्टरों पर हमलों की घटनाओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का भी आश्वासन दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

जे. पी. नड्डा ने डाक्टर की हत्या का मामला सीबीआई को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले का भी स्वागत किया।

———————————————————————

इधर, कोलकाता के एक अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुये बलात्कार और हत्या के विरोध में पीएमसीएच और एम्स के जूनियर डॉक्टरों ने काम का बहिस्कार किया। इसके चलते इमरजेंसी को छोड़कर अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई। ओपीडी सेवाएं बंद होने के कारण मरीजों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

———————————————————————

पीएम–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा। केन्द्र सरकार ने इस योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार इसके लिए कुल आठ सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक जिले के सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले विजेता गांव को एक करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्तीय सहायता अनुदान मिलेगा। इस वर्ष फरवरी में, सरकार ने सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय परिवारों को बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस योजना को स्वीकृति दी है।

———————————————————————

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी निजी सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों को परामर्श जारी कर कहा है कि वे आपदाओं और दुर्घटनाओं के वीडियो तारीख और समय के साथ दिखाएं। परामर्श में कहा गया है कि जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है तब टेलीविजन चैनल कई दिनों तक लगातार ये खबरें दिखाते हैं, लेकिन बार–बार दुर्धटना के दिन के दृश्य ही दिखाते रहते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि इससे अनावश्यक रूप से भ्रम की स्थिति पैदा होती है और दर्शकों में घबराहट होने लगती है। टेलीविजन चैनलों को यह सुनिश्चित करने की भी सलाह दी गई है कि वे दृश्यों को दिखाते हुए सबसे ऊपर तारीख और समय का उल्लेख करें ताकि दर्शकों को किसी भी तरह की गलतफहमी न हो सके।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने तांती और तंतवा जाति को फिर से अत्यंत पिछड़ा वर्ग में शामिल कर लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग

ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार तांती–तंतवा जाति को अत्यंत पिछड़ा वर्ग के क्रमांक तैंतीस पर दोबारा शामिल कर लिया गया है।

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण गंगा, गंडक, बूढी गंडक, बागमती, घाघरा और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तिरेसठ सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान से इकतीस सेंटीमीटर ऊपर है। उधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में इकतीस सेंटीमीटर, बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से अट्ठासी सेंटीमीटर ऊपर जबकि कमला बलान का मधुबनी के झंझारपुर में तथा परमान नदी का जलस्तर अररिया में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से चौरासी सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। पटना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंगा नदी में उफान के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है।

———बाईट–पटना–पीटीसी———34 सें.

पटना में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। गंडक और सोन नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। गांधी घाट, दीघा घाट, मनेर और हाथीदह में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। दियारा का पूरा इलाका पानी में डूब गया है। इसके चलते बाढ़ प्रभावित लोग अपने पशुओं के साथ ऊंचे स्थानों पर शरण लिये हुये हैं। जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुये निगरानी कर रहे अभियंताओं को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। गंगा नदी की उफनती धारा को देखते हुये लोगों को नाव से यात्रा नहीं करने की अपील की गयी है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

सुपौल जिले में कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए बराज के तीस फाटक खोल दिये गए हैं।

———बाईट———

सुपौल जिले में कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव के कारण पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर तीन स्पर पर दबाव बना हुआ था। अभियंताओं की टीम पूरी स्थिति पर नजर बनाई हुई है। इधर, आज दोपहर 2 बजे तक भीमनगर बराज से 2 लाख 19 हजार क्यूसेक से अधिक पानी कोसी नदी में छोड़ा गया है। वहीं, इसी दौरान नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह में एक लाख 72 हजार 500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए बराज के 30 फाटक खोले गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

बेगूसराय में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में स्थित कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

बेगूसराय में गंगा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण जिले के सात प्रखंडों की स्थिति धीरे–धीरे गंभीर होती जा रही है। बछवाड़ा, मटिहानी, तेघरा, बरौनी, बलिया और साहेबपुर कमाल के दियारा इलाकों में गंगा का रौद्र रूप लोगों को परेशान करने लगा है। निचले इलाके में बसे लोगों ने ऊंचे स्थान पर शरण लेना शुरू कर दिया है। सिमरिया बिंद टोली से सीतारामपुर जाने वाली सड़क का डायवर्सन पानी के दबाव से टूट जाने के कारण यातायात प्रभावित हो गया है। बाढ़ प्रभावित सभी प्रखंड में नाव का परिचालन शुरू कराया जा रहा है। हर गतिविधि पर जिला प्रशासन की नजर है। इधर, बाढ़ प्रभावित इलाके के लोगों ने जिला प्रशासन से सभी स्कूलों में बाढ़ की छुट्टी देने की मांग की है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

सहरसा में कोसी नदी के कटाव के कारण कई गांव कोसी नदी में समा गये हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

जिले के पूर्वी और पश्चिमी कोसी तटबंध के बीच कोसी नदी के लगातार कटाव से सात पंचायतों के लगभग 200 से अधिक घर कट गए हैं। जिस कारण हाकी, बकुनिया, केदलि, डरहार, सत्तौर, नौला पंचायत के 200 से अधिक परिवारों को विस्थापित किया गया है। डरहार पंचायत में बिजली के पोल के पास तेजी से कटाव होने से पोल कभी भी कोसी में समा सकती है। सभी पंचायत के हल्का कर्मचारी को कटाव स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

खगड़िया जिला में गंगा और गंडक समेत अन्य नदियों के बढते जलस्तर के कारण गोगरी अनुमंडल के जमींदारी रिंग बांध के टूट जाने से बौरना पंचायत के सैकड़ों घर बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसके अलावा गोगरी प्रखंड के रामपुर–कटघरा मार्ग पर बाढ़ का पानी आ गया है। खगड़िया सदर प्रखंड के दियारा इलाके समेत मुख्यालय के कई आवासीय इलाके भी बढ़ा की चपेट में आ गए हैं।

————————————————————————————

औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत चमन बिगहा गांव के पास एक कार के अनियंत्रित होकर सोन नहर में पलट जाने से कार पर सवार पांच लोगों की मौत मौके पर ही हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सभी मृतक पटना के राजीव नगर के निवासी हैं।

————————————————————————————

जमुई जिले की अदालत ने हत्या के छब्बीस साल पुराने एक मामले में दोषी उमेश रविदास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोषी पर पचास हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया। वहीं, अररिया व्यवहार न्यायालय ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न आपराधिक मामलों में एक आरोपी को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ पचास हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है।

————————————————————————————

उत्तर बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग के स्लैब की ढ़लाई के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान आपात सेवाओं को छोड़कर आम वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की गयी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली को झंडी दिखाई।

02. पटना समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाला।

03. गंगा, गंडक, कोसी, बागमती और घाघरा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से कई इलाके बाढ़ की चपेट में। प्रभावित लोगों ने ऊंचे स्थानों पर लिया शरण।

04. और, केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी टेलीविजन चैनलों को आपदाओं के वीडियो तारीख और समय के साथ अनिवार्य रूप से दिखाने का परामर्श जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।